Regarding constriction of railway overbridge on level crossing No. 43 Banaskantha Parliamentary Constituency

परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के अंतर्गत भीलडी गाँव के पास भीलडी नेसडा पेपलू नामक एक बड़ी जिले की सड़क है जो थराद और दीयोदर तहसील को जोडती हुई मुख्य सड़क है एवं इसी पर पालनपुर गांधीधाम रेलवे डबल लाइन में LC 43 स्थित है और इसके नजदीक का गाँव सोयला पड़ता है । इस रोड से आसपास के 30 से 40 गांवों की आबादी आवागमन करती है । भीलडी एक विकसित क्षेत्र है और यहाँ यह फाटक दिन में कई बार दिन में बंद रहने की वजह से यहाँ से गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इसलिए यहाँ पर ओवरब्रिज बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि LC 43 पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाये जाने के लिए शीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें ।